# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com
आष्टा • भैरूंदा • बुधनी • बैरछा • शुजालपुर • सोनकच्छ • कालापीपल • हाटपीपल्या • खातेगांव
भोपाल, 01 फरवरी 2026




## न्यूज कार्नर

### मयंकराज को चेंजमेकर्स ऑफ़ मप्र 2.0 का सम्मान



**जागरण, देवास।** चेंजमेकर्स ऑफ़ मध्य प्रदेश 2.0 कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अमलतास एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान अमलतास समूह द्वारा चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और निरंतर सकारात्मक प्रयासों की पहचान है। मयंकराज सिंह भदौरिया द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास प्रेरणादायी हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। मयंकराज सिंह भदौरिया ने इसे टीमवर्क और समाज के सहयोग का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ स्वास्थ्य सेवा.शिक्षा क्षेत्र के साथ समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं आयोजकों का आभार व्यक्त कर कहा कि मयंक वेलफेयर सोसायटी आगे भी जनहित के कार्यों को निष्ठा से जारी रखेगी।

### कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



**जागरण, सोनकच्छ।** शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई। बिजासन माता मंदिर चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनिट का मोन रखा तथा उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर, ओमप्रकाश परमार, राधेश्याम चौधरी, अमरसिंह मालवीय, योगेश यादव, आदि उपस्थित थे।

# देवास स्टेशन से लंबी दूरी के लिए नहीं मिल रहीं मुख्य ट्रेनें

## समस्या के निराकरण के लिए डीआरएम रतलाम मंडल के नाम दिया ज्ञापन

### यात्रियों को आसपास के शहरों में जाकर करना पड़ रही है यात्रा



**जागरण, देवास।** रेलवे स्टेशन देवास से लंबी दूरी की मुख्य ट्रेनें बाईपास होकर जा रही है। जिससे कि देवास औद्योगिक नगरी सहित जिले भर के हजारों यात्रियों की फजीहत हो रही है। लंबी दूरी की रेल यात्रियों को मजबूरन आसपास के शहरों में जाकर ट्रेन में बैठना पड़ रहा है। समस्या के निराकरण के लिए नगर जनहित सुरक्षा समिति द्वारा डीआरएल रेल्वे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल के नाम स्टेशन स्टेशन प्रबंधक आर एस यादव को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि जिले सहित आसपास के हजारों यात्रियों को वर्ष भर अन्य शहरों जैसे भोपाल, इटारसी, कानपुर, लखनऊ, नागपुर, छतरपुर, इलाहाबाद, लखनऊ गोरखपुर अयोध्या बनारस आदि स्थानों पर आने जाने के लिए पूरे वर्षभर रेल सेवा की आवा जाही रहती है। देवास शहर औद्योगिक जिला के अंतर्गत आता है, जबकि वंदे भारत एवं इंदौर प्रयागराज जैसी मुख्य रेल सुविधाओं से देवास व आसपास के हजारों यात्री वंचित हो रहे हैं। इनका भी स्टापेज़ सप्ताह में एक-दो दिन देवास में होना चाहिए। जबकि केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत देवास रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण के तहत करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी यात्रियों की परेशानी कम नहीं हो रही है। लंबी दूरी की गाड़ियों का यहां पर ना आना आश्चर्यजनक माना जा रहा है। लंबी दूरियों की गाड़ी इंदौर से फतेहाबाद होकर जा रही है। समिति ने देवास जिले के हजारों यात्रियों की परेशानी के चलते पूर्व में भी पत्र व्यवहार के माध्यम से संबंधित उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद उत्तर भारत में जाने वाले यात्रियों की समस्या का निराकरण न होना देवास जैसे ओद्योगिक जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही इन शहरों में जाने के लिए नई गाड़ी चलाई जाना आवश्यक हो गया है। क्योंकि जो इंदौर से पटना एक्सप्रेस है उसमें भी कई यात्रियों को खड़े रहने तक की भी जगह नहीं मिल पाती। जिससे यात्रियों के समय एवं धन की बर्बादी हो रही है। समिति के अनिल सिंह बेस, विनोद सिंह गोड, सुनील सिंह ठाकुर, विजय सिंह तंवर आदि ने जनहित में लंबी दुरी की गाड़ियों की देवास में शीघ्र स्टापेज़ कर व नई गाड़ी शुरू करने की मांग की।

## गुरु कृपा के बिना मानव जीवन अधूराः राम सुमिरन



**जागरण, देवास।** गुरु कृपा के बिना मानव जीवन अधूरा रहता है। श्रद्धापूर्वक भक्ति से गुरु कृपा मिलती हैं। सभी भक्त राम नाम के जप से बंधन मुक्त हो जाते हैं। दृढ़ संकल्प से गुरु की भक्ति करना चाहिए। गुरु कृपा से मानव जीवन धन्य हो जाता है। यह विचार रामद्वारा में अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय प्रवर्तक स्वामी रामचरण महाराज की 307वीं जयंती पर संत राम सुमिरन ने प्रकट किए। महेश सोनी ने बताया कि जयंती के अवसर पर प्रातःकाल रामस्नेही सत्संग मंडल द्वारा राम धुन की गई। बाल संत पुनीत राम ने रामचरण महाराज की अनुभे वाणी का पाठ किया एवं निर्गुणी भजन प्रस्तुत किए। दोपहर 12 बजे रामद्वारा सत्संग मंडल द्वारा आरती की गई। महिला मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विजयवर्गीय समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सीमा सोनी द्वारा सभी भक्तजनों को प्रसाद के साथ एक हजार आठ राम नाम लेखन पुस्तिका वितरित की गई।

## उपनयन और सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 को

**जागरण, देवास।** परमपिता परमेश्वर एवं माँ चामुण्डा तुलजा भवानी के आशीर्वाद से प्रांतीय महासभा के तत्वाधान में तथा सभी जिला, तहसील एवं ग्रामीण संगठनों के सहयोग से श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस पुण्य आयोजन की मेजबानी का अवसर देवास स्थित जागृति श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन को प्राप्त हुआ है। श्रीगौड़ प्रांतीय महासभा अध्यक्ष जे.पी. नायक और श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज महामंत्री मोहनलाल तिवारी एवं जागृति श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि समाज सेवा के इस महत्त्वपूर्ण कार्य में अधिक से अधिक वर-वधू जोड़ों एवं यज्ञोपवीत संस्कार हेतु बटुकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समाजजनों से सहयोग और प्रेरणा देने की अपील की गई है। आयोजन शुक्रवार 06 फरवरी 2026 को श्यामा वाटिका गार्डन, मक्सी रोड, देवास  में संपन्न होगा।






# सुरक्षा का हवाला देकर नप अधिकारी ने दूरस्थ कार्य स्थल को बनाया विकल्प

**जागरण, सोनकच्छ।** नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमरदास सेनानी की लगातार कुछ दिनों से चल रही अनुपस्थिति के चलते कल सोमवार 2 फरवरी को प्रस्तावित साधारण सम्मेलन सहित प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ज्ञात हो कि, सेनानी सुरक्षा कारणों का हवाला देकर कुछ दिनों से कार्यालय नहीं आ रहे हैं और दूरस्थ कार्य स्थल से कार्यों का संचालन करने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उभर रहा है कि होने वाले महत्वपूर्ण सम्मेलन का संचालन बिना मुख्य अधिकारी के प्रभावी ढंग से कैसे हो पाएगा। सूत्रों के अनुसार, पिछले दिनों कार्यालय में हुए विवाद और सेनानी पर हुए प्राणघातक हमले के प्रयास के बाद से वे स्वयं को असुरक्षित मानते हुए नगर से बाहर रह रहे हैं, उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को विवाद से अवगत कराया, लेकिन किसी ने उनके पक्ष को नहीं समझा और ना ही मदद के लिए आगे आए। इसी कारण उन्होंने अपने सभी उच्चाधिकारियों को मुख्यालय एवं कार्यालय में उपस्थित न रहने की सूचना दे रखी है। यह स्थिति, गंभीर सवाल खड़े कर रही है कि कब तक कोई अधिकारी अनुपस्थित रहकर कार्यालयीन कार्यों का संचालन कर सकता है।  आमजन की मांग है कि, नागरिक हितों को ध्यान में रखते हुए जिले के उच्चाधिकारियों को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि नगर की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल सकें और आमजनों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सम्मेलन में चर्चा के प्रमुख मुद्दे

आगामी सोमवार को प्रस्तावित साधारण सम्मेलन में आदर्श कार्मिक संरचना से अधिक कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की संख्या कम करने, पेयजल व्यवस्था, राजस्व वसूली में वृद्धि, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नगदीकरण सहित निर्माण, जलप्रदाय, हैंडपम्प, सामग्री क्रय, भूमि चिन्हांकन और पिपलेश्वर महादेव मेला आयोजन जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा प्रस्तावित है। सेनानी की अनुपस्थिति में इन निर्णयों की प्रक्रिया कैसे संपन्न होगी, यह चिंता का विषय है।


**नाम परिवर्तन सूचना**
**जाहिर सूचना**

यह कि मैं प्रार्थी विनोद पाटीदार पिता श्री राधेश्याम पाटीदार निवासी ग्राम पाडल्या मोहबा तह. सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. का होकर मेरी पुत्री का पूर्व का नाम सिया था जिसे नाम परिवर्तित करते हुए स्वाती पाटीदार रख दिया गया है तथा भविष्य में मेरी पुत्री को स्वाती पाटीदार के नाम से जाना जावेगा। जिस हेतु नोटरी नं. 677/2026 है।

**भवदीय**
**विनोद पाटीदार पिता**
**श्री राधेश्याम पाटीदार**

**नाम परिवर्तन की जाहिर -सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार MERAJ ALI S/O MANJUR ALI का पूर्व में नाम SAYYED MERAJ ALI S/O MANJUR ALI था, एवं और यही नाम उनकी बैंक पासबुक में दर्ज है मेरे पक्षकार ने अपना नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, में परिवर्तन कर MERAJ ALI S/O MANJUR ALI रख लिया गया है, मेरे पक्षकार अब अपनी बैंक पासबुक में SAYYED MERAJ ALI S/O MANJUR ALI के स्थान पर MERAJ ALI S/O MANJUR ALI नाम दर्ज करवाना चाहते है। एवं भविष्य में भी मेरे पक्षकार को इसी नाम से जाना व पहचाना जावेगे सो सुचित हो। दि. 30.01.2026

**ए.आर. शेख** (एडव्होकेट-नोटरी)
17, बी मोतीबंगला देवास (म.प्र.)
मो. 94253-67602,78694-93070











## न्यूज कार्नर

### मोती विहार कॉलोनी में होगी नीलामी

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** कृषि उपज मण्डी समिति ने नवीन मण्डी प्रांगण राला (पारदीपूरा) में चल रहे निर्माण कार्य के कारण नीलामी व्यवस्था में संशोधन किया गया है। वर्तमान में राजदीप कंस्ट्रक्शन बैतूल द्वारा यहाँ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे नीलामी प्रक्रिया और निर्माण कार्य दोनों को समय पर पूरा करने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। ठेकेदार के सुझाव और किसानों की सुविधा हेतु शेड के पास सीसी कार्य को गति देने के उद्देश्य से मण्डी प्रशासन ने मक्का की नीलामी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। आगामी 2 फरवरी सोमवार से मक्का की नीलामी मोती बिहार कॉलोनी इन्दौर रोड में सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी।

### वाजिद अली ने जीता गोल्ड मेडल

**जागरण बुधनी।** भारती विद्या मंदिर बुदनी के वा?द अली ने उज्जैन में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में राज्य स्तर पर रस्सा कशी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। वाजि़द की इस जीत से विद्यालय के साथ साथ बुधनी नगर को भी राजकीय स्तर पर पहचान मिली अतः ये विद्यालय के साथ बुधनी नगर के लिए भी गौरवान्वित होने का अवसर है। कोच रवि हरदुआ के मार्गदर्शन में वा?द ने शानदार प्रदर्शन किया। शाला परिवार ने उन्हें व उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**आवश्यकता हैं**

गल्ला मंडी भोपाल रोड भैरूंदा के सांई बजाज शोरुम पर सेल्स गर्ल की आवश्यकता हैं। अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार ।
संपर्क करे
7425014543
बायोडाटा व्हाट्सअप
9826988098

### पीएमश्री स्कूल में पहली बार वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

# काश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की संस्कृति मंच पर उतरी



**जागरण बुधनी।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधनी में प्रथम बार रंगारंग वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ किया गया। जहां विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने का अवसर बना भारतीय संस्कृति, एकता और देशभक्ति की भावना को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत करता नजर आया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष कड़ी में कश्मीर से कन्याकुमारी तकभारत की एकता और अखंडता को दर्शाते हुए देशभक्ति गीतों और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई।

विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न राज्यों की संस्कृति को मंच पर जीवंत कर दिया। देशभक्ति गीतों पर आधारित समूह नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दियाइसके अलावा लोकनृत्य आदि जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय ने आयोजन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ओ पी यादव ने विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को बताया कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला मंत्री राजेश पाल सतीश गुप्ता संतोष गौर धीरेंद्र तिवारी श्रीमती ज्योति पंजाबी मांगीलाल यादव पवन चंद्र फेरी विशाल खत्री यशवंत सिंह चौहान श्रीकांत शर्मा राकेश तनेजा आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नमिता तिवारी द्वारा किया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला अपने बच्चों की प्रस्तुति देखकर वे गर्व से भावविभोर नजर आए।

## डायल 112 ने 13 वर्षीय बालक को खोजकर परिजनों से मिलवाया



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** लाडकुई क्षेत्र में डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक 13 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बालक को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाया है। पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को डायल 112 सेवा को ग्राम गुलरपुरा से सूचना मिली थी कि एक अबोध बालक गांव में लावारिस हालत में घूम रहा है। बालक मानसिक रूप से दिव्यांग होने के कारण अपने घर का पता या स्वयं के बारे में जानकारी देने में पूरी तरह असमर्थ था। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और बालक को संरक्षण में लेकर चौकी आई। बालक के परिजनों का पता लगाने के लिए पुलिस ने स्थानीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया और क्षेत्र में उसकी फोटो प्रसारित की। कुछ ही समय में बालक की पहचान लाडकुई निवासी 13 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई। पुलिस ने विधिवत कार्यवाही करते हुए बालक को उसके पिता सुखराम बनवारी को सकुशल सुपुर्द कर दिया। अपने खोए हुए बेटे को वापस पाकर पिता और परिजनों की आँखें भर आईं। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा और स्टाफ की कार्यप्रणाली की दिल से प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में आरक्षक राजाबाबू और चालक धर्मेंद्र की विशेष भूमिका रही। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने भी पुलिस के इस सेवाभावी कदम को सराहा है।

### विदाई समारोह और पांच दिवसीय कैरियर मेला संपन्न



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कलां में शनिवार को पांच दिवसीय करियर मेले का समापन और कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा फेलवेयर पार्टी के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत भैरुंदा के अध्यक्ष मारुति शिशिर थे। विशेष अतिथि के रूप में भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष राजेश पंवार, विंध्याचल गर्ल्स एकेडमी के संचालक के.एल. पंवार, एडवोकेट राजेश पाराशर, बजाज मोटर्स के संचालक पंकज खंडेलवाल सहित विनोद एवं राहुल (पावर मेक कंपनी) की गरिमामय उपस्थिति रही। विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने हेतु शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से पधारे व्याख्याता संजय गुर्जर, कमलेश जांगरे एवं सुश्री वर्षा वर्मा ने करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उनके आगामी जीवन और परीक्षाओं के लिए शुभाशीष प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ओरिएंटल स्कूल में जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर को दी विदाई



**जागरण बुधनी।** नगर के ओरिएंटल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सीनयर विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गयाकार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक नीलकमल सरकार, प्राचार्य नीलिमा सरकार एवं वरिष्ठ शिक्षकगण द्वारा माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिससे समारोह को आध्यात्मिक और मंगलमय स्वरूप प्राप्त हुआ इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, अभिनय एक्टिंग तथा रोचक क्विज़ प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए मिस्टर फेयरवेल संकेत द्विवेदी, मिस फेयरवेल साधना कठोरिया, बेस्ट कॉस्ट्यूम एवं स्पोर्ट्स कैप्टन जैसे आकर्षक खिताबों से सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मगौरव की भावना देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों द्वारा किए गए इस शानदार एवं अनुशासित आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और रचनात्मक सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। साथ ही विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी गई।


### श्रमजीवी पत्रकार संघ रेहटी के ब्लॉक अध्यक्ष



**जागरण,रेहटी।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सीहोर जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने रेहटी ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर पत्रकार के.एल. चौहान को मनोनीत किया गया है। श्री चौहान के मनोनयन पर पत्रकार सर्वेश चौहान, कपिल चौहान, रोहित पवार, मनोज झावक, घनश्याम सिसोदिया, विष्णु पंसारी, अशोक मेहरा, अर्जुन मुकाती, अमित शर्मा आदि पत्रकारों ने बधाई देते हुए जिला अध्यक्ष श्री यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## युवक द्वारा आत्महत्या करने पर परिजनों ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन





**शाजापुर।** युवक द्वारा आत्महत्या करने पर परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। शनिवार को मृतक के परिजन शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्याल्य पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। सुरेश सिंह पिता मांगीलाल निवासी चौकी हिदायतपुर थाना सलसलाई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए ज्ञापन में बताया कि उनके पुत्र सतीश 21 वर्ष का विपक्षी की पुत्री से प्रेम प्रसंग था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते दिनांक 28 जनवरी 2026 को आरोपियों के द्वारा सतीश और उसके दोस्तों भेरुसिंह, रोहित और धर्मेन्द्र को एक कमरे में बंद कर लोहे की रॉड और लाठियों से बेरहमी से पीटा गया। मृतक के पिता सुरेश सिंह का आरोप है कि जब वे इस मारपीट और जान से मारने की धमकी की शिकायत लेकर 29 जनवरी 2026 को बेरछा थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनकी रिपोर्ट लिखने से इनकार कर दिया। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि पुलिस ने फरियादी पक्ष को ही धमकाते हुए कहा, अगर ज्यादा करोगे तो तुम सब को अंदर कर देंगे।

### आहत होकर उठाया आत्मघाती कदम

मृतक के पिता का आरोप है कि एक तरफ विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी और दूसरी तरफ पुलिस द्वारा सहयोग न मिलने व उल्टी कार्रवाई के डर से सतीश अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गया था और इसी भय के कारण सतीश ने 30 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 1 बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यदि बेरछा पुलिस समय रहते रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करती, तो उनके बेटे की जान बच सकती थी। उन्होंने आरोपियों और जिम्मेदार पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### राजस्व मंत्री वर्मा, विधायक गोपालसिंह ने वर-वधु को दिया आशीर्वाद

# भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन



**जागरण, आष्टा।** नगर में भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव, प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया गया। बुधवारा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती की गई। महाआरती पश्चात् विश्वकर्मा मंदिर से भगवान श्री विश्वकर्मा की शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पाड़लिया रोड़ विश्वकर्मा समाज धर्मशाला पहुंची। सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 05 नवयुगल विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री कारणसिंह वर्मा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा चकल्दी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल आदि अतिथियों समिति ने स्वागत किया। अतिथिगणों ने वर बधु को आशीर्वाद प्रदान किया और समाजनों को भगवान के जन्मोत्सव की बधाई दी। इसी दौरान समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरुस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष धर्मसिंह आर्य, सरपंच संघ अध्यक्ष मनोहर पटेल, जयसिंह ठाकुर, विशाल चौरसिया, विष्णु परमार, हिउस के पूर्व अध्यक्ष कालू भट्ट सहित विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, समाजसेवी वेदप्रकाश पिपलोदिया, मनोहर विश्वकर्मा, मेहरबानसिंह, कमलेश विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, उत्सव समिति, युवा संगठन समिति, महिला मंडल, युवा वाहिनी, विवाह समिति, धर्मशाला निर्माण समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थें।

## शाजापुर में दो सड़क हादसों में 4 लोग घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी



**शाजापुर।** शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात रफ्तार के कहर ने कोहराम मचा दिया। एक ही रात में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 4 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहली घटना रात करीब 9 बजे दुपाड़ा रोड पर सहज पब्लिक स्कूल के पास घटी। यहां तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खेरखेड़ी निवासी नितेश गुर्जर शामिल हैं, जिनके सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं दूसरी बाइक पर आगर जिले के ग्राम पचेटी निवासी राजेश चौहान और कुलदीप चौहान सवार थे, जो शाजापुर लौट रहे थे। हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे एक ऑटो रिक्शा चालक ने मानवता का परिचय दिया। उन्होंने बिना देरी किए तीनों घायलों को अपने ऑटो में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका।

**सड़क पर घायल मिला अज्ञात युवक :** दूसरी घटना रात करीब 12 बजे जेल रोड इलाके में हुई, यहां सड़क पर एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर घायल युवक को संभालते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है और उसका इलाज जारी है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बापू को दी गई श्रद्धांजलि, छात्रों ने लिया नशा न करने का संकल्प



**शाजापुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान महाविद्यालय परिवार ने बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नशामुक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

**स्वयं बचें और साथियों को भी बचाएं :** कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीणा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं हर प्रकार के नशे से दूर रहें, बल्कि अपने साथियों और समाज को भी इस बुरी आदत से बचाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो. प्रकाश बर्फा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एनसीसी कैडेट्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ आज मनेगी संत शिरोमणि रविदास जयंती, टुकराना जोड़ स्थित मंदिर में होगा भव्य




**शाजापुर।** संतों शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज का 649वां जन्मोत्सव आज रविवार 1 फरवरी को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान ग्राम टुकराना जोड़ बायपास स्थित श्रीसंत रविदास मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार दोपहर 1 बजे मंदिर परिसर में महाआरती की जाएगी, जिसके पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। गौरतलब है कि टुकराना रोड पर स्थित यह मंदिर शाजापुर जिले का एकमात्र संत रविदास मंदिर है और यह अत्यंत प्राचीन है, जिससे भक्तों की इसमें गहरी आस्था है। आयोजन समिति ने नगर व जिले के सभी गुरु प्रेमियों, माताओं-बहनों, वरिष्ठ जनों, युवाओं और मित्रों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर मंदिर में दर्शन करें और धर्म लाभ लें।

## कार्यालय कलेक्टर सीहोर, जिला सीहोर म.प्र.

प्र.क्र. 2/अ-82/2025-26 | आष्टा, दिनांक 22/01/2026

### / / सार्वजानिक सूचना / /

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम कस्बा आष्टा** तहसील आष्टा अंतर्गत **राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग इन्दौर का पत्र क्रमांक 758/तक./रा.रा./2025 इन्दौर दिनांक 25.03.2025 अनुसार आष्टा बायपास मार्ग के नवीन घोषित रा. रा. क्रमांक 752 सी. के निर्माण का कार्य** हेतु नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि को क्रय करने हेतु म.प्र. शासन की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के तहत कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग इन्दौर द्वारा इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. | तहसील | ग्राम का का नाम | भूमि स्वामी का नाम | खसरा नम्बर | कुल क्षेत्रफल | क्रय हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आष्टा | कस्बा आष्टा | शेख हनीफ आ. शेख अनीसा | 794/3 | 0.271 | 0.225 | - |
| 2 | आष्टा | कस्बा आष्टा | उंकार, कल्लू, बाबूलाल आ. कन्हैयालाल सौरम पुत्री कन्हैयालाल | 799/2 | 0.222 | 0.066 | - |

उक्त प्रकरण इस अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय आष्टा मे विचाराधीन है। अनुसूची में वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अभिभाषक अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 22-1-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग आष्टा**

**कलेक्टर**
**जिला सीहोर**

## न्यूज कार्नर

### पांच दिवसीय कैरियर काउंसलिंग का समापन

**सीहोर।** स्थानीय सीहोर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 ,सीहोर में, व्यवसायिक शिक्षक अमित जैन और दुष्यंत छोकर के माध्यम से पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं , पूर्व छात्रों की उपस्थिति में विशेषज्ञ और अधिकारी गणों ने 27 जनवरी से 31 जनवरी तक करियर काउंसलिंग के अंतर्गत विद्यार्थियों को डिजिटल प्रशिक्षण, विषय अनुरूप प्रशिक्षण, रुचि अनुरूप प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, विभाग अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने उक्त प्रशिक्षण को छात्रों की पहली आवश्यकता माना है। उन्होंने बताया कि छात्रों को करियर काउंसलिंग का मार्गदर्शन देना, और छात्रों को अपना रुचि पूर्ण करियर चुनना ही, इस करियर काउंसलिंग का उद्देश्य है।

### विश्वकर्मा सुतार समाज ने मनाया प्रकटोत्सव

**सीहोर।** विश्वकर्मा सुतार समाज के द्वारा सृष्टी के सर्जनकर्ता आराध्य गुरू भगवान विश्वकर्मा जी का पारंपरिक रूप से शनिवार को प्रगटोत्सव मनाया गया। प्रमुख कार्यक्रम देन नगर कॉलोनी स्थित भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर में आयोजित किया गया। भगवान विश्वकर्मा जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। विश्वकर्मा ओबीसी समाज के द्वारा खड़े होकर केंद्र सरकार के द्वारा बनाए गए यूजीसी कानून का समर्थन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी निधि से मंदिर परिसर में सुविधाजनक टीनशेड का निर्माण कराने की बात कहीं उन्होने कहा कि में और मेरा परिवार विश्वकर्मा समाज की उन्नती प्रगति के लिए हमेशा तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। विधायक राय ने कहा अगले साल टेंट के नीचे नहीं बड़े टीनशेड के नीचे विश्वकर्मा समाज भगवान का प्रकटोत्सव मनाएगा। समाजहित में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने उपयोगी भवन निर्माण कराने की घोषणा की और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने समाजजनों को विश्वकर्मा प्रकटोत्सव की बधाई दी।

### बिना अनुमति के अवकाश पर न जाएं

**सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने 16 फरवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक चलने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा बजट सत्र के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते हैं तत्काल उसके उत्तर तैयार कर भेजने की व्यवस्था की जाये। विधानसभा के उत्तर समयावधि में सही एव पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख अथवा प्रभारी अधिकारी का होगा। जिला कार्यालय के राजस्व विभाग से संबंधित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर परीक्षण कर समयावधि में भेजने हेतु अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर न जाएं। बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### खेलो एमपी में सीहोर का सितारा चमका

**सीहोर।** राज्य सरकार की खेलो एमपी पहल के तहत आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 की अंडर-19 बॉयस क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में भोपाल संभाग ने ग्वालियर संभाग को 159 रन से करारी शिकस्त दी। फाइनल मुकाबले में भोपाल संभाग की बल्लेबाजी मजबूत रही। योगेश यादव ने शानदार 58 रन बनाए, जबकि सीहोर जिले के होनहार खिलाड़ी आदिल खान ने 40 रनों की जिम्मेदार पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### समस्याएं सुनकर किया निराकरण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र आर्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल में विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सजायाफ्ता बंदियों के अभिलेखों का अवलोकन किया और इस संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बंदियों की सजा अवधि की भी समीक्षा की।

जमोनिया रोड पर तेंदुए के हमले से बछड़े की मौत, पोस्ट मार्टम के बाद दफनाया

# सर्किल में तीन से चार तेंदुओं का भ्रमण अहमदपुर क्षेत्र में शेरनी ने डाला डेरा

**जागरण, सीहोर।** शहर के आसपास घूम रहे तेंदुए ने आखिरकार बीती रात जमोनिया तालाब के पास एक बछड़े पर हमला कर दिया हमले में गंभीर रूप से घायल गाय की मौत हों गइ। मोके पर पहुंची वन अमले की टीम ने बछड़े का पोस्ट मार्टम कराकर उसे दफनाने की प्रक्रिया भी पूरी कर दी। गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र सीहोर में दो से अधिक तेंदुए भ्रमण करते हुए आबादी बहुल क्षेत्रों तक भी पहुंच बना रहे हैं जिससे लोगों में इस हिंसक वन्य प्राणी से भय और दहशत का माहौल है वन विभाग को सूचना देने के बाद भी इन हिंसक वन्य प्राणियों को आबादी बहुल क्षेत्रों तक आने से नहीं रोक पा रहे हैं। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि बीते माह 15 दिनों तक परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अहमदपुर के जंगलों में पिंजरा भी लगाया जा चुका है लेकिन क्षेत्र में घूम रहा तेंदुआ पिंजरे की ओर आया ही नहीं।



#### फसल कटने के बाद नहीं आएगें नजर

इस संबंध में जब सीहोर वन परिक्षेत्र के रेंजर चंदर सिंह भिलाला से बात की तो उनका कहना था कि बिलकिसगंज से लेकर अहमदपुर तक दो से तीन तेंदुए अपनी टैरीटरी बनाए हुए हैं। ऐसा लगता है कि इछावर क्षेत्र के जंगल से यह तेंदुए अपने परिवार से बिछड़कर बिलकिसगंज के बरखेड़ी, बिजलोन, ताकपुरा, उलझावन, सागौनी, काला पहाड़ सहित जिला मुख्यालय के नजदीक चौंडी, हाऊसिंग बोर्ड, तूमड़ा, जमोनिया तालाब, पचामा तथा भोपाल इंदौर हाईवे पर स्थित लसूड़िया परिहार के आस पास इन तेंदुओं की स्थिति बनी हुई है हालाकि तेंदुए का मवेशियों पर हमले की घटनाएं तो सामने आ रहीं है लेकिन अभी तक इन हिंसक प्राणियों द्वारा किसी आमआदमी पर हमले की घटना सामने नहीं आई है। श्री भिलाला का यह भी कहना था कि आबादी बहुल क्षेत्रों के आसपास इनकी उपस्थिति इसलिए भी नजर आ रही है कि इन दिनों खेतों में रबी फसलें खड़ी हुई हैं। इसलिए उन्हें इन खेतों में आश्रय आसानी से इसलिए यह कभी कभार आबादी के पास तक पहुंच जाते हैं। लोगों में भय और दहशत इतनी अधिक है कि किसी भी जंगली जानवर को देखकर इन्हें लगता है कि शेर और तेंदुआ ही है? जबकि ऐसा हमेशा नहीं होता यह बात तो हमे मालूम है कि इन दिनों वन परिक्षेत्र में दो से अधिक तेंदुए के भ्रमण के साथ ही अहमदपुर क्षेत्र में एक शेरनी का भी भ्रमण लगातार बना हुआ है।

#### पल में यहां तो पल में वहां देते हैं दिखाई

रेंजर चंदर सिंह भिलाला ने बताया कि जंगलों में हिंसक वन्य प्राणियों की संख्या में इजाफा तो हुआ है रिपोर्ट देखने के बाद ही तो बनायाजा सकता है कि वन परिक्षेत्र में कितने हिंसक वन्य प्राणी है। अनुमान के अनुसार सीहोर वन परिक्षेत्र में इन दिनों दो से तीन तेंदुओं और एक शेरनी का मूवमेंट बना हुआ है। वन परिक्षेत्र के आसपास खिरणी अभ्यारण और नरसिंहगढ़ स्थित चिड़ीखोह अभ्यारण होने की वजह से भी यहां पर इन वन्य प्राणियों की आवाजाही बनी रहती है। जहां तक तेंदुए का सवाल है तो उसकी छलांग काफी लंबी होती है। इसलिए वह पल में यह दिखाई देता है तो थोड़ी देर बाद ही आठ से नौ किमी दूर आसानी से नजर आ जाता है। फसल जबतक खेतों में खड़ी है तब तक ही इनकी आवाजाही खेतों के आसपास स्थित आबादी बहुल क्षेत्रों में दिखाई दे सकती है। फसल कटने के बाद जब खेत खाली हो जाएंगे तब यह वन्य प्राणी खुले मैदानों मं आना भी बंद कर देंगे। वन्य प्राणियों को आबादी बहुल क्षेत्रों से रखने के लिए जो संसाधन होने चाहिए वह नहीं होने से वन्य प्राणियों पर नियंत्रण रखना मुश्किल साबित होता है फिर भी वन कर्मचारी सीमित संसधनों से यह वन्य प्राणी आबादी की ओर न आ सकं इसके प्रयास करते हैं। विशेषकर जिले में ऐसे वन्य प्राणियों को पकड़ने के लिए मात्र एक पिंगजरा है।

# नियमित रूप से उचित मूल्य दुकानें नहीं खोलने पर कार्रवाई




**जागरण, सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण कम होने, प्रतीक्षारत परिवारों की ईकेवाइसी नहीं करने एवं नियमित रूप से दुकानें नहीं खोलने पर खाद्य विभाग द्वारा आष्टा एवं बुधनी अनुभाग की अनेक उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई की गई है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आष्टा अनुभाग के सिद्दीकगंज, कोटियानाला, सेमलीबारी, कांकरिया खेरी स्थित राशन दुकानों पर प्रकरण निर्मित कर 3000 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार कोटियानाला एवं कन्नोदमिर्जा की राशन दुकान विक्रेताओं को जनवरी में वितरण प्रतिशत कम होने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी क्रम में बुधनी अनुभाग की रतनपुर, कुसुमखेड़ा, नानभेंट, जोनतला, बकतरा, कोसमी एवं रेहटी के राशन दुकान विक्रेताओं के विरूद्ध वितरण कार्य में लापरवाही करने पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत् प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### निराकरण के लिए श्रम कंट्रोल रूम सतत रूप से कार्यरत

**सीहोर।** श्रम विभाग द्वारा प्रदेश के श्रमिकों एवं कर्मचारियों की श्रम संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से राज्य स्तरीय श्रम कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। श्रमिक अपनी शिकायतें टोल-फ्री नंबर 1800 233 8888 पर दर्ज करा सकते हैं। राज्य स्तरीय श्रम कंट्रोल रूम में 30 जनवरी 2026 तक कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 86 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 29 शिकायतें वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं।

# संस्कार मंच ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**जागरण, सीहोर।** शहर सहित आस-पास की खेल प्रतिभाओं को तराशने और मंच देने के लिए संस्कार मंच के तत्वाधान में आगामी दिनों में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा। प्रतियोगिता में आष्टा, नसरुल्लागंज, इछावर, बुधनी, सीहोर सहित अन्य टीमों को शामिल किया जाएगा। इसको लेकर मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने शहर के चर्च मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा श्री तिवारी ने रविवार को इटारसी में चल रही आल इंडिया ओपन फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल सीहोर बिल्डअप टीम की विजय की कामना की है।

वहीं यहां पर जारी प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण शिविर में दो मैच खेले गए इसमें पहला मैच सीहोर बाइज-एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर वॉइज 2-0 से विजय रही सीहोर बाइज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया आदित्य ने एक गोल किया दूसरा मैच सीहोर क्लब-सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 1-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में करीब 12 टीमों को शामिल किया जाएगा। इसमें सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय और मनोज दीक्षित मामा को प्रतियोगिता का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कोच के रूप में बालिका वर्ग के लिए मधु राघव, ज्योति गौर, आयुषी पंसारी के अलावा बालक वर्ग के लिए सीनियर कोच मनोज कन्नोजिया, विपिन पवार, मनोज अहिरवार और विजेन्द्र परमार आदि को शामिल किया गया।

# सीहोर की बेटी अनुष्का परमार ने गोल्ड एवं गिरिराज वर्मा ने जीता कांस्य पदक

**जागरण, सीहोर।** टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में आयोजित हुए खेलो एमपी यूथ गेम बॉक्सिंग खेल का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता मे सीहोर के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन कर बालिका वर्ग में 80 किलोग्राम वजन में अनुष्का परमार ने गोल्ड मेडल एवं बालक वर्ग मे 50 किलोग्राम वजन में गिरिराज वर्मा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से कलेक्टर श्री बाला के गुरू, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, बॉक्सिंग क्लब अध्यक्ष अन्नू चौहान, सचिव राजेन्द्र सिंह, आवासीय स्कूल प्राचार्य अलोक शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, आवासीय बॉक्सिंग प्रशिक्षक अंकित गुप्ता, सीहोर जिला बॉक्सिंग प्रशिक्षक आनन्द पंसोरिया, जिला खेल अधिकारी रूबिका दिवान, प्रशिक्षक रेखा कुशवाह, फुटबाल



संघ के मनोज कन्नोजिया एवं सभी सीहोर जिले के सभी खेल संघ शामिल हैं।

### गुरु रविदास महाराज की जयंती आज

**सीहोर।** संतों के संत समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक गुरू रविदास जी जिन्होने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ भक्ति मार्ग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होने एक ऐसे समाज (बेगमपुरा) शहर बसाने का सपना देखा था। जहाँ कोई जाति वर्ग या धर्म का भेदभाव नही हो और हर व्यक्ति को स्वतंत्रता न्याय प्राप्त हो ऐसे महान संत की जयंती आज वार्ड क्रं. 11 के मुर्दी मोहल्ला डॉ.अम्बेडकर नगर के रविदास मंदिर पर दोपहर 12 बजे मनाई जावेगी, जिसमें सभी पार्टी के जनप्रतिनिधगण तथा शहर के गणमान्य नागरिक सम्पूर्ण रविदास समाजजन पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त करेगें।

### 07 फरवरी से 07 मार्च तक होगा गेहूं का पंजीयन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 07 फरवरी से दिनांक 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर निशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे पर 50 रुपये का अधिकतम शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है।

# दी ऑक्सफोर्ड स्कूल में रंगारंग माहौल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**जागरण, सीहोर।** स्थित दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का 31वां विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी थीम थी बैच-31 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रिया शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। तत्पश्चात वंशिका मेवाडा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अतिथिगण को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, नाटक व गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. प्रिया शर्मा ने अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़कर वे समाज और देश का नाम रोशन करें। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा, आगामी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया और शुभाशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में पधारे अतिथिस्वरूप कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने स्टेज पर रेम्प वाक कर सबको आनंदित किया कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा मि. ऑक्सफोर्ड- नीव सक्सैना , मिस ऑक्सफोर्ड- स्वाति मेवाडा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर- दुष्यंत सिंह बघेल, अचिवमेंट- निशिका नाथ, बेस्ट लीडरशिप- दक्ष ठकुराल, डिसिप्लिन- विजय वर्मा, मेक्सिमम अटेंडेंस- खुशी मेवाडा, एकेडमिक एक्सीलेंस- सार्थक बसक, आलराउंडर- हर्षित गौर, मि. फेयरवेल- मोहित वर्मा, मिस फेयरवेल- अंशिका शर्मा, अर्ली बर्ड- जयेश नरवारे, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस- दीपाली रालयावना, कल्चरल एक्सीलेंस- श्रेयांश सिंह मेवाडा, पंक्चुअलिटी एक्सीलेंस- अक्षा दीप को चुनकर पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के अंत में स्कूल की शिक्षकगणों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी तिवारी, राधिका मंगरोलिया, अंजना विश्वकर्मा, भावेश परमार ने व आभार प्रदर्शन नीव सक्सैना द्वारा किया गया।

### धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, लगाए जयकारे

**सीहोर।** संसार में पुण्य कार्य करने चाहिए। पुरुषार्थ प्राप्त करने के लिए भगवान की आराधना करनी चाहिए। इससे भक्ति में वृद्धि होती है। भागवत अज्ञान से ज्ञान और सत्य की ओर ले जाने वाली है। संसार के प्राणी अनेक चीजों से पीडित है, उसका एक ही समाधान है कथा का श्रवण करना। भगवान की शरण में आने से मनुष्य का जीवन सार्थक हो जाता है और सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। उक्त विचार शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कालेश्वर महादेव समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन अजय पुरोहित ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होनें परिक्षित और सुखदेव के बारें में बताते हुए कहा कि कलयुग आगमन के समय पांडव के वंशज परीक्षित को सुखदेव ने भागवत सुनाई थी। इसके बाद ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। यहां से मोक्ष की प्राप्ति के लिए भागवत सुनाने का प्रचलन शुरू हुआ। भगवान विष्णु के प्रमुख अवतारों जैसे वामन, और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन किया और कहाकि जब धर्म की हानि होती है तो ईश्वर अवतार लेकर पृथ्वी को पापियों से मुक्त कराते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं।



### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरून्दा जिला सीहोर म.प्र.

क्र./ /अपील प्रकाशन/2026 भैरून्दा दि 30/01/2026

सन्दर्भ:- लोक सेवा के रजिस्ट्रेशन नम्बर FA/445/2304/877/2025 अपील RS/445/2304/2/2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस न्यायालय मे प्रचलित अपील प्रकरण लोक सेवा के रजिस्ट्रेशन नम्बर FA/445/2304/877/2025 अपील RS/445/2304/2/2026 में सर्वसाधारण को सूचना देकर अवगत कराया जाता है कि इन्द्रजीत मीणा पिता श्री नर्बदाप्रसाद मीणा निवासी ग्राम भादाकुई भैरून्दा द्वारा मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति हेतु सेवा नहीं दी गई अपील प्रस्तुत की गई है । तदानुसार प्रकरण में नर्बदाप्रसाद मीणा पति श्री नन्नूलाल निवासी ग्राम भादाकुई की मृत्यु ग्राम भादाकुई मे दिनांक 05/05/2021 शब्दों में पॉच मई सन दो हजार इक्कीस को ग्राम भादाकुई तहसील भैरून्दा में हुई है।

अपने कथन व शपथ पत्र में वर्णित किया गया है । इस आशय के सूचना पत्र के माध्यम से सभी सूचित हों। किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में पेशी दिनांक 05 फरवरी 2026 से पूर्व प्रस्तुत करे।

अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व भैरून्दा

आज निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा, पौधे वितरित किए जाएंगे

# अपने माता-पिता को सर्वोच्च मानकर पूज्य हुए गणेश जी : पं. मिश्रा

**जागरण, सीहोर।** पिता को सर्वोपरि मानकर जो व्यक्ति उनकी सेवा, पूजा करता है वह लौकिक जीवन में सुख भोग करते हुए देवलोक में भी सुख शांति को प्राप्त करते हैं। भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्रों में सर्वोच्च स्थान पाने की लालसा में शर्त रखी गई। जो भी संपूर्ण ब्रह्मांड की पहले परिक्रमा करके आएगा वह पूज्यनीय होगा। कार्तिकेय जी ने पूरे ब्रह्मांड का भ्रमण किया परंतु गणेश जी ने अपने माता और पिता की परिक्रमा कर उन्हें सर्वोच्च माना। विष्णु जी सहित सभी देवताओं ने इस कृत्य के लिए उन्हें सर्वोच्च स्थान दिया और इस वजह से देवताओं में प्रथम पूज्य घोषित हुए। उक्त विचार शहर के अग्रवाल पंचायती भवन में नारी शक्ति महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा जिला इकाई सीहोर के तत्वाधान में जारी संगीतमय सात दिवसीय शिव महापुराण के छठवें दिवस कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहे।



उन्होंने कहाकि माता-पिता की सेवा करने से ही ईश्वर की सच्ची भक्ति होती है, घर में ही ईश्वर है फिर भी लोग ईश्वर की भक्ति के लिए दर-दर भटकते रहते हैं, अगर मानव को ईश्वर की सच्ची भक्ति करनी है तो अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करते हुए उन्हेंने खुश रखे। इस संसार में सभी बुद्धिमान है, लेकिन बुद्धि की शुद्धि करने की जरूरत है, बुद्ध बनने के पहले हमें शुद्ध होना पड़ेगा।

शनिवार को कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने भगवान गणेश और कार्तिक की जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने बुद्धि की परीक्षा वाला वह प्रसंग सुनाया जिसमें भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती ने कहा था कि दोनों में से जो सबसे पहले पृथ्वी की परिक्रमा कर आएगा वही मेरी गोद में बैठेगा। कार्तिक जी अपने वाहन मोर पर सवार होकर निकले और गणेश से कहा-तुम्हारा वाहन तो चूंहा है, तुम कैसे परिक्रमा करोगे। कार्तिक के जाते ही बुद्धि के दाता गणेश ने भोले और पार्वती की परिक्रमाएं की और गोद बैठने की जिद करने लगे। माता बोली-तुमने पृथ्वी की परिक्रमा कहां की है, भगवान गणेश बोले माता मैंने आपकी और पिताजी की परिक्रमा कर ली है जो माता पृथ्वी से ब?ी है और मैंने तो एक नहीं, तीन परिक्रमाएं की हैं यानी धरती और आकाश के साथ तीनों लोकों होकर आ गया है। यह जवाब सुनते ही माता ने उन्हें गले से लगा लिया और गोद में बिठाया।

कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कथा का सार बताते हुए कहा इसलिए भगवान गणेश बुद्धि के दाता कहलाते हैं। इसके अलावा उन्होंने भगवान गणेश के नख से शिख तक हर अंग की विशेषता संगीतमय भजन सुनाकर बताई। उन्होंने कहा भगवान गणेश के अंग की तरह ही हर विशेषता इंसान में होना चााहिए। जैसे ब?ा पेट बात पचाने के लिए, ब? कान सत्संग और भक्ति में इतने लीन रहो कि कान यही सुनते रहे। सूंड यानी नाक स्वाभिमान का प्रतीक है, जो गणेश की तरह होना चाहिए।

आज किया जाएगा समापन नारी शक्ति महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा जिला इकाई सीहोर के तत्वाधान जारी सात दिवसीय शिव महापुराण का समापन रविवार को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमती ज्योति अग्रवाल और श्रीमती अंजू अग्रवाल ने बताया कि कथा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक जारी रहेगी और उसके पश्चात शाम को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा पौधों का वितरण भी किया जाएगा।